**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 29.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. दक्षिण अंडमान उपायुक्त, पूर्वा गर्ग की अध्यक्षता में कल आयोजित होने वाली NEET–PG–2026 परीक्षा की तैयारियों के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।
2. सरकार द्वारा सार्वजनिक परीक्षा सुधारों के लिए गठित उच्च–स्तरीय कार्य बल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों सहित सभी हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं।
3. अंडमान एवं निकोबार कमान की ओर से मछुआरा समुदाय के लिए संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
4. खेल एवं युवा मामले विभाग द्वारा कल सुबह 6 बजे संडेज ऑन साइकिल का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

कल आयोजित होने वाली NEET–PG–2026 परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में दक्षिण अंडमान उपायुक्त, पूर्वा गर्ग की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दक्षिण अंडमान, पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन के साथ–साथ परीक्षा केंद्रों पर तैनात सभी नोडल अधिकारी, केंद्र प्रभारी और कार्यकारी मजिस्ट्रेट शामिल हुए। इनके अलावा, परीक्षा के संचालन से जुड़े विभिन्न संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान, उपायुक्त ने चारों परीक्षा केंद्रों—डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिक संस्थान, एस आई एस कंप्यूटर एजुकेशन, मिडिल पॉइंट; और इंडिया टेक्नोलॉजी, क्लॉक टावर–में की गई व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की और आपसी विभागीय समन्वय, प्रभावी पर्यवेक्षण तथा उत्पन्न होने वाली किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के महत्व पर जोर दिया। परीक्षा के सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

<><><><><><><>

सरकार द्वारा सार्वजनिक परीक्षा सुधारों के लिए गठित उच्च–स्तरीय कार्य बल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों सहित सभी हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। सुझाव 13 सितम्बर तक वेबसाइट, व्हाट्सएप या फोन नंबर 1800–180–4747 के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव ईमेल examreformstaskforce@dopt.gov.in के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं। परीक्षा के संचालन, सुरक्षा, डिजाइन, मूल्यांकन पद्धति, शासन, जवाबदेही और संस्थागत व्यवस्थाओं के अलावा परीक्षा में अनुचित साधनों का पता लगाने, रोकथाम करने और उनके समाधान सहित अन्य संबंधित क्षेत्रों के बारे में सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ सैंतीस वां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, ए आई आर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़–ऑन–एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, ए.आई.आर. न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में भी ये कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><>

भारतीय तट रक्षक क्षेत्र मुख्यालय, श्री विजयपुरम ने हाल ही में अंडमान निकोबार कमान मुख्यालय के तत्वावधान में समुद्री सुरक्षा, तटीय सुरक्षा को मजबूत करने और मत्स्य पालन समुदाय के साथ बेहतर समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मछली पकड़ने वाली नौकाओं के मालिकों व कप्तानों, मत्स्य पालन विभाग के प्रतिनिधियों और मछुआरा समुदाय के सदस्यों के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस संवाद का मुख्य उद्देश्य मछुआरों को समुद्री खोज एवं बचाव अभियानों के दौरान आने वाली चुनौतियों के प्रति संवेदनशील बनाना था, जिसमें डिस्ट्रेस अलर्ट ट्रांसमीटर के अनजाने में सक्रिय होने के परिणाम भी शामिल हैं। इस पहल के तहत मछुआरा समुदाय के सदस्यों को सुरक्षा मार्गदर्शिकाएँ भी वितरित की गईं। स्थानीय भाषाओं में प्रकाशित यह मार्गदर्शिका समुद्र में संचालन के दौरान पालन किए जाने वाले आवश्यक सुरक्षा उपायों और सावधानियों के लिए एक त्वरित संदर्भ के रूप में कार्य करेगी। कार्यक्रम में तटीय सुरक्षा को मजबूत करने में मछुआरा समुदाय के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। मछुआरों को समुद्र में रहते हुए सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया, ताकि वे सुरक्षा एजेंसियों की आँख और कान के रूप में कार्य कर सकें और द्वीपों की तटीय सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद कर सकें।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार अभिलेखागार, सचिवालय ने अक्टूबर से दिसंबर, 2026 तक तीन महीने की अवधि के लिए अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत इंटर्न के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। कार्यक्रम की शुरुआत अभिलेखागार प्रबंधन और संबंधित गतिविधियों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। चयनित इंटर्न को अभिलेखीय कार्य के विभिन्न पहलुओं पर अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातक डिग्री पूरी कर चुके उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र हैं। चयनित इंटर्न को इंटर्नशिप अवधि के दौरान ₹10,000/– का मासिक वजीफा दिया जाएगा। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियों के साथ

सहायक सचिव (अभिलेखागार), सचिवालय, के पते पर 15 सितंबर तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित आवेदन प्रारूप और इंटर्नशिप कार्यक्रम के विस्तृत नियम एवं शर्तें अंडमान और निकोबार अभिलेखागार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के समारोह के हिस्से के रूप में, खेल एवं युवा मामले विभाग द्वारा कल सुबह 6 बजे संडेज ऑन साइकिल का आयोजन किया जाएगा। इस बीच, समारोह के भाग के तहत वॉलीबॉल और हॉकी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विभिन्न श्रेणियों के फाइनल खेले गए मुकाबलों का परिणाम घोषित कर दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह आज शाम 5 बजे से टैगोर महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

वन विभाग को एक गुप्त सूचना मिलने पर टीम द्वारा तलाशी अभियान के दौरान, रटलैंड के आम डेरा में लगभग 2.248 घन मीटर नाप की विभिन्न आकारों की ब्यासी अवैध हाथ से चीरी गई पडौक लकड़ियाँ जब्त कीं गई। जब्त की गई अवैध हाथ से चीरी गई पडौक लकड़ियों को सुरक्षित अभिरक्षा और आगे की कार्रवाई के लिए मंगलुटान रेंज के रेंज अधिकारी के माध्यम से संबंधित बीट, अधिकारी को सौंप दिया गया।

<><><><><><><>

किसानों के बीच वैज्ञानिक मुर्गी पालन पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने प्रातरापुर ब्लॉक के तहत केंद्र शासित प्रदेश कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के सहयोग से सिप्पीघाट के एक निजी फार्म में चूजों की शुरुआती देखभाल पर एक प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के तहत लाभार्थी को वनराजा प्रजाति के चूजे प्रदान किए गए। प्रदर्शन के दौरान चूजों की देखभाल की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु अस्पताल गराचर्मा द्वारा किया गया।

<><><><><><><>